वर्ष- 02 अंक- 54

छपरा

30 दिसंबर, सोमवार 2024

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com E-Paper website : www.dainikkhojkhabar.live


## राम मंदिर के ऊपर उड़ नहीं पाएंगे हवाई जहाज

### एविएशन सेफ्टी के लिए बनेगा टॉवर; बिजली से बचाने के लिए लग रहे कॉपर वायर

**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर के शिखर के ऊपर से विमान उड़ान नहीं भर पाएंगे। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया, अब परिसर को एविएशन सेफ्टी से लैस किया जाएगा, ताकि दूर से पायलट को पता लग जाए। अगर कोई विमान राम मंदिर के शिखर की तरफ आएगा तो उसे टॉवर से सिग्नल दिया जाएगा। वो विमान की दिशा मोड़ लेगा। साथ ही आकाशीय बिजली से बचाने के लिए शिखर से जमीन तक 28 कॉपर के वायर लगाए जा रहे हैं।

**पत्थरों में आए क्रैक की वजह पता चली**–राम मंदिर में लगे पत्थरों में क्रैक आ गए थे। निर्माण समिति ने इसकी वजह पता कर ली है। रैंप पर मौजूद 2 पत्थरों के बीच में गैप नहीं था। ऐसे में गर्मियों के दौरान तापमान बढ़ने से पत्थरों में क्रैक आ गया।

इसे सही करने के लिए अब क्रैक पत्थरों को निकाल कर वहां नए पत्थर लगाए जाएंगे। यहां दो पत्थरों के बीच में गैप न रखने की वजह से तापमान बढ़ने से दोनों पत्थरों में खिंचाव आया है। इससे पत्थर में क्रैक आया है।

## केजरीवाल बोले–भाजपा फर्जी वोटिंग करानी चाहती है

### मेरी विधानसभा में 5000 नाम कटवाकर, 7500 नए नाम जुड़वाने की तैयारी

नई दिल्ली,एजेंसी।आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा- दिल्ली में भाजपा ने ऑपरेशन कमल शुरू कर दिया है। वे इस बार फर्जी वोटिंग के सहारे जीतने का प्लान बना रहे हैं।

पूर्व सीएम ने कहा- पिछले 15 दिनों में वोटर्स के आंकड़ों में गड़बड़ी देखने को मिली है। इस दौरान 5000 नाम कटवाने और 7500 नए नाम जुड़वाने को लेकर चुनाव आयोग को एप्लिकेशन दी गई है। केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

## ट्रेन यात्रा होगी अब और भी सुरक्षित, प्रमुख मार्गों पर कवच 4.0 लगाने की तैयारी में रेलवे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय रेलवे अपनी ट्रेनों की सुरक्षा और संचालन को बेहतर बनाने के लिए कवच 4.0 को अपने प्रमुख मार्गों पर तेजी से लगाने की तैयारी कर रहा है। कवच 4.0 एक उन्नत और तकनीकी रूप से मजबूत सुरक्षा प्रणाली है, जिसे रेलवे ने ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रेनों के संचालन को सुचारू बनाने के लिए विकसित किया है। यह प्रणाली सुरक्षा और नियंत्रण का अतिरिक्त स्तर प्रदान करती है।

**पिछले संस्करण को कवच 4.0 से बदला जाएगा:**रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, जिन ट्रेनों में पहले कवच का पुराना संस्करण लगाया गया था, उन्हें अब कवच 4.0 से बदला जाएगा। उत्तर-पूर्व (एनएफ) रेलवे के तहत मालदा शहर से डिब्रूगढ़ तक 1966 किलोमीटर लंबा मार्ग इस प्रणाली के लिए चुना गया है।

**रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाना मकसद:** कवच 4.0 का मकसद भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाना और सुरक्षा मानकों में सुधार करना है। यह प्रणाली तकनीक का उपयोग करके ट्रेन संचालन को और भी सहज बनाएगी, मानवीय खामियों को कम करेगी और सबसे खास बात दुर्घटनाओं को रोकेगी।

# साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश, 179 पैसेंजर्स की मौत

## लैंडिंग के दौरान नहीं खुल पाए पहिए,एयरपोर्ट बाउंड्री से टकराकर ब्लास्ट





**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया में हुए भीषण विमान हादसे को लेकर एयरलाइंस जेजू एयर के सीईओ ने माफी मांगी है। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर ये माफी पोस्ट की गई है। जेजू एयर के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) किम ई-बे ने मुआन हवाई अड्डे पर हुई दुर्घटना के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। हम भी संबंधित सरकारी एजेंसी की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### विमान हादसे में 179 लोगों की मौत की पुष्टि

दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पश्चिम में स्थित मुआन हवाई अड्डे पर रविवार सुबह 181 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 179 लोगों के मारे जाने की खबर है। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों की मानें तो बाकी यात्रियों के बचे होने की उम्मीद बहुत कम ही है। 175 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को लेकर यह विमान बैंकॉक से लौट रहा था। अधिकांश यात्री दक्षिण कोरियाई नागरिक थे। समाचार एजेंसी एएनआई ने न्यूज एजेंसी योनहाप के हवाले से बताया कि लैंड करते वक्त विमान के लैंडिग गियर में खराबी आई। इसकी वजह से विमान ने बिना लैंडिंग गियर के लैंड करने की कोशिश की और रनवे पर फिसल गया। इसके बाद वह फिसलता हुआ हवाई अड्डे की बाउंड्रीवॉल से जा टकराया। इसके बाद विमान में धमाके साथ आग लग गई।

**सीईओ ने मृतकों और उनके परिवारों के प्रति जताई संवेदना :**किम ई-बे ने माफीनामे में लिखा कि सबसे पहले, हम उन सभी लोगों से माफी मांगते हैं जिन्होंने जेजू एयर पर भरोसा किया। 29 दिसंबर को सुबह लगभग 9:03 बजे, बैंकॉक से मुआन जाने वाली फ्लाइट 7C2216 में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय आग लग गई। हम इस दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और माफी मांगते हैं। दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, और हमें जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। कारण चाहे जो भी हो, सीईओ के रूप में, मैं इस घटना के लिए गहरी जिम्मेदारी महसूस करता हूं। जेजू एयर इस दुर्घटना को तुरंत संभालने और उसमें सवार लोगों के परिवारों का समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। हम सरकार के साथ मिलकर दुर्घटना के कारण का पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। एक बार फिर हम इस दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वालों के लिए प्रार्थना करते हैं और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी क्षमा याचना करते हैं।

---


**मन की बात का 117वां एपिसोड:**

# प्रधानमंत्री ने की बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा, इसी तर्ज पर देश के अन्य राज्यों में पहल शुरू करने की अपील की

### मन की बात कार्यक्रम में किया पायल कवासी, पुनेम सन्ना और कारी कश्यप की बहादुरी का जिक्र

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात में बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए इसी तर्ज पर देश के अन्य राज्यों में खेल प्रतियागिता शुरू करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जहां नक्सल हिंसा रही, वहां अब नई क्रांति जन्म ले रही है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानी भी बताई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में बस्तर ओलंपिक की शुरुआत हुई, इसकी खास बात ये रही कि शहरों और गांवों के खिलाड़ियों के साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने सुकमा जिले की पायल कवासी का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सुकमा जिले की पायल कवासी का जिक्र करते हुए उनकी बहादुरी की तारीफ करते हुए कहा कि



जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाली पायल जी कहती हैं कि अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। वहीं पुनेम ने व्हीलचेयर पर दौड़कर मेडल जीता है, इनकी भी पीएम मोदी ने तारीफ करते हुए कहा कि सुकमा के दोरनापाल के पुनेम सन्ना की कहानी तो नए भारत की प्रेरक कथा है। एक समय नक्सली हिंसा का शिकार हुए पुनेम आज व्हीलचेयर पर दौड़कर मेडल जीत रहे हैं। उनका साहस और हौसला हर किसी के लिए प्रेरणा है।प्रधानमंत्री ने कारी कश्यप के बारे में बताते हुए कहा कि एक छोटे से गांव से आने वाली कारी जी ने तीरंदाजी में रजत पदक जीता है। वे कहती हैं कि बस्तर ओलंपिक ने हमें सिर्फ खेल का मैदान ही नहीं, जीवन में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलिंपिक का सपना साकार हुआ है। यह उस क्षेत्र में हुआ जो कभी नक्सल हिंसा का गवाह रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलिंपिक में 7 जिलों के 1 लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है, जिसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कराटे, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल हर खेल में हमारे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना घाट पर विसर्जित की गईं



**नई दिल्ली,एजेंसी ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर विसर्जित कर दी गईं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि बहुत सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला के अस्थि घाट पर यमुना नदी में विसर्जित किया गया। यह बहुत भावुक क्षण था। दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार ने गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन (गुरु ग्रंथ साहिब का संगीतमय पाठ), पाठ (गुरबानी का पाठ) और अरदास कराए हैं। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी कीर्तन और गुरु पाठ के लिए गुरुद्वारा मजनू का टीला पहुंची थीं।

## जहरीली गैस की चपेट में आने से गुजरात के भरूच में बड़ा हादसा, 4 लोगों की मौत



**भरूच (एजेंसी)।** गुजरात में भरूच जिले के दहेज स्थित एक केमिकल प्लांट में जहरीली गैस की चपेट में आने से चार कर्मचारियों की मौत हो गई। दहेज थाने के निरीक्षक बीएम पाटीदार ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएफएल) की एक उत्पादन इकाई में पाइप से जहरीली गैस के रिसाव के कारण कर्मचारी बेहोश हो गए। मामले की जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि चारों कर्मचारियों को भरूच के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से तीन की रविवार तड़के करीब तीन बजे मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने सुबह छह बजे दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारी कहा कि घटना रात करीब 10 बजे हुई। कंपनी के सीएमएस संयंत्र के भूतल से गुजर रहे पाइप से गैस रिसाव होने के कारण चार कर्मचारी बेहोश हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चारों की मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, गैस रिसाव एक वाल्व के लीक होने से हुआ। इस वाल्व से जहरीली गैस निकल रही थी।

## देश में चल रहीं 136 वंदे भारत ट्रेन:अकेले 2024 में 62 ट्रेन शुरू हुईं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि देश में अलग-अलग रूटों पर 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। इनमें से 62 अकेले 2024 में शुरू की गईं। भारतीय रेलवे ने 2024 के दौरान 3,210 किमी रेल ट्रैक इलेक्ट्रिफाई किया है। इसके साथ-साथ रेलवे विद्युतीकरण के ब्रॉडगेज नेटवर्क को 97% तक बढ़ाया गया है। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए चल रही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1337 स्टेशनों को चुना गया है। इनमें से 1198 रेलवे स्टेशनों पर काम शुरू हो गया है। भारतीय रेलवे ने 2030 तक नेट जीरो कार्बन एमिटर बनने का लक्ष्य रखा है। नवंबर तक लगभग 487 मेगावाट सौर संयंत्र (छत और जमीन पर लगे) और लगभग 103 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र चालू कर दिए हैं।

## कांग्रेस बोली:मनमोहन को गन सैल्यूट के दौरान मोदी बैठे रहे:परिवार को जगह नहीं मिली

### भाजपा ने कांग्रेस के 9 आरोपों के जवाब दिए





**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक विवाद के बाद कांग्रेस ने अब उनके उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के राजकीय अंतिम संस्कार में सरकार की तरफ से अव्यवस्था और अनादर देखकर हैरानी हुई।

खेड़ा ने 9 पॉइंट में अंतिम संस्कार से जुड़ी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के परिवार के लिए 3 ही कुर्सियां रखी गईं। परिवार के बाकी लोगों को कुर्सियां मांगनी पड़ीं।

इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी पर ये आरोप भी लगाया कि जब डॉ. सिंह की पत्नी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया और गन सैल्यूट दिया गया तो पीएम मोदी और मंत्री खड़े नहीं हुए। खेड़ा ने कहा कि डॉ. सिंह सम्मान और गरिमा के हकदार थे। इस अव्यवस्था से ये साफ होता है कि एक महान नेता के प्रति केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों में कितनी कमी है। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है।

## पटना महावीर मंदिर न्याय समिति के सचिव और पूर्व आईपीएस किशोर कुणाल का निधन

**पटना,एजेंसी।** राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य रहे पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। किशोर कुणाल के निधन की पुष्टि उनके बेटे ने की है।

किशोर कुणाल को आज सुबह कार्डियक अरेस्ट हुआ और उन्हें तुरंत महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक थे। सेवानिवृति के बाद आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक कार्यों से जुड़ गए और फिलहाल वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव थे। महावीर मंदिर न्यास बोर्ड पटना में कई स्कूल और कैंसर अस्पताल का संचालन करता है।

किशोर कुणाल राजधानी पटना में ज्ञान निकेतन जैसे चर्चित स्कूल के संस्थापक भी हैं। जब देश में वीपी सिंह की सरकार थी तो उस वक्त आचार्य किशोर कुणाल केंद्र सरकार, विश्व हिंदू परिषद् और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए थे।




किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज गांव से की। उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी से इतिहास और संस्कृत में ग्रेजुएशन किया। वे 1972 में गुजरात कैडर से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी बने और पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात हुए। वहां से वे 1978 में अहमदाबाद के पुलिस उपायुक्त बने। वह संस्कृत अध्येता भी थे। किशोर कुणाल को 1983 में प्रोमोशन मिला और वे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पटना में तैनात हुए।

कुणाल ने 1990 से 1994 तक गृह मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी के पद पर काम किया।

## राजस्थान में 30,000 परिवारों की जल्द बदलेगी किस्मत!

### भजनलाल सरकार फरवरी 2025 में देगी नए आवास के पट्टे

**जयपुर ,एजेंसी।** भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए फरवरी 2025 में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू जातियों के आवासहीन परिवारों को पट्टे वितरित करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम प्रदेशभर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 30,000 से अधिक पात्र लोगों को आवासीय भूखंडों के पट्टे दिए जाएंगे। पंचायती राज और शिक्षा मंत्री मदन दिलवार ने जयपुर में आयोजित बैठक के बाद यह जानकारी दी। इससे पहले, 2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती पर, राज्य सरकार ने 17,156 परिवारों को पट्टे वितरित किए थे। इन भूखंडों को रियायती दर पर आवंटित किया गया था। अब सरकार ने शेष पात्र परिवारों को



पट्टे देने का निर्णय लिया है। सरकार ने आजादी के 75 साल बाद भी आवासहीन विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू जातियों को घर और छत का अधिकार देने का निर्णय लिया है। पंचायती राज मंत्री के अनुसार, राजस्थान में इस वर्ग के 1,23,757 परिवारों की पहचान की गई है। इनमें से 49,546 परिवारों के पास पहले से पट्टे हैं, जबकि 51,078 परिवारों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। ऐसे वर्ग के लोगों को अधिकतम 300 वर्गमीटर का पट्टा दिया जाएगा। पट्टे वितरण में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवासीय भूखंड केवल रहने के लिए हों। पट्टे पर लाल स्याही से यह लिखा जाएगा कि यह भूखंड खरीद-फरोख्त के लिए नहीं है। सरकार का मानना है कि इस नियम से भूखंड बेचने या बाहरी दबाव में उन्हें किसी अन्य को हस्तांतरित करने की घटनाओं को रोका जा सकेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान की कुल जनसंख्या का 6 से 8 प्रतिशत हिस्सा विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू जातियों का है। यह समुदाय अक्सर एक जगह पर स्थायी रूप से निवास नहीं करता और इनके पास पहचान पत्र भी नहीं होते। इन कारणों से ये लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं।

# खेल महोत्सव का हुआ समापन, वॉलीबॉल टूर्नामेंट में मुकरेड़ा ने बसडिला को हराया

## 14 दिवसीय सारण खेल महोत्सव के शानदार आयोजन को लेकर खेल मंत्री ने की प्रशंसा



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा में चल रहे चौदह दिवसीय खेल महोत्सव प्रतियोगिता का समापन पीएन सिंह कॉलेज मैदान में हो गया। समारोह में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, विशिष्ट अतिथि इंडियन वॉलीबॉल सीनियर टीम के कोच जयदीप सरकार, पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल, भाजपा पूर्व उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, पूर्व विधायक संजय सिंह टाइगर, विधायक सीएन गुप्ता समेत अन्य गणमान्य अतिथियों को को आयोजक सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर ने अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोच प्रमोद कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, सुजीत कुमार,अभिषेक चौहान, अमीत सौरभ, कृष्ण मोहन सिंह, वॉलीबॉल प्रशिक्षक गिरीश ओझा को भी अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर खेल मंत्री, बिहार सरकार सुरेंद्र मेहता ने सम्मानित किया। इस भव्य आयोजन के लिये मंत्री बिहार सरकार खेल विभाग सुरेंद्र मेहता ने विशेष रूप से सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर को भी सम्मानित किया। सीनियर टीम इंडियन वॉलीबॉल कोच जयदीप सरकार ने अपने संबोधन में बताया कि यह बहुत बड़ा आयोजन करके युवाओं के लिए बहुत ही अच्छा कार्य किया गया है। बिहार सरकार के खेल मंत्री के समक्ष वॉलीबॉल की अकादमी सारण में होना चाहिए, ऐसा प्रस्ताव जयदेव सरकार के द्वारा रखा गया। संबोधन में बताया कि छोड़ो कल की बाते कल की बाते पुरानी,लिखेंगे मिलकर हम सब नई कहानी। आपसी सद्भाव में खेल को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने संबोधन में बताया कि इस आयोजन में आकर मुझे खुशी है कि इतना बड़ा आयोजन इस जिले में हुआ है। सरकार अपने तरह से खेलों को बढ़ाने का प्रयास कर रही है लेकिन कोई व्यक्ति इस तरफ का आयोजन करे, यह बहुत ही खुशी की बात है। आज खेल के क्षेत्र में पूरे देश ने प्रगति की है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खेलो इंडिया के माध्यम से मेडल लाओ नौकरी पाओ की शुरुआत की है, वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रत्येक पंचायत तक खेलो को ले जाने का कार्य किया है। निश्चित ही ऐसी योजना से दुनिया में बिहार का नाम होगा और आने वाले समय में बिहार के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित रूप से दिखाई देंगे।आयोजक सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर नेअपने संबोधन में बताया कि 14 दिनों तक विभिन्न खेलों का आयोजन लगातार चलता रहा। बारह सौ से अधिक प्रतिभागियों ने प्रत्येक खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। चाहे वह क्रिकेट की प्रतियोगिता हो या महिला-पुरुष फुटबॉल, महिला -पुरुष कबड्डी, वॉलीबॉल, कराटे, भारोत्तोलन और शतरंज हो , सभी में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्थानीय विधायक सीएन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शैलेंद्र सेंगर जी ने इस खेल आयोजन से छपरा की बड़ी सेवा की है और हमलोगों को इनसे आशा रहेगा कि यह आयोजन हर वर्ष हो। समापन समारोह से पहले वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में मुकरेड़ा ने श्यामचक को लगातार सेटों में हराकर फाइनल में जगह बनाया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में बसडिला ने इनई को लगातार दो सेटों में परास्त कर फाइनल में स्थान बनाया।

फाइनल मैच मुकरेड़ा बनाम बसडिला के बीच दूधिया लाइट में रात को खेला गया। कांटे की टक्कर में मुकरेड़ा ने बसडिला को लगातार 3 सेटों में हरा कर विजेता कप पर कब्जा कर लिया। वहीं उप- विजेता ट्रॉफी से ही बसडिला को संतोष करना पड़ा।

इस मैच में निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय निर्णायक राजू सिंह, किशोर कुणाल, शैलेंद्र कुमार सिंह, पिंटू सिंह, प्रभात कुमार,रमेश कुमार सिंह ने भूमिका निभाई।

इस अवसर पर अभिनव सिंह , सोनू ,विकास सिंह, जितेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, रमेश कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, गुड्डू सिंह, अर्जुन सिंह ,अर्जुन राय, लल्लन राय, पिंटू सिंह, बच्चा सिंह, सत्येंद्र सिंह ,राजन प्रसाद यादव ,सुशील सिंह, अरविंद सिंह, मनोज कुमार वर्मा संकल्प,सुनील कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## दुधैला के राजा सिंह के हत्याकाण्ड के एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दुधैला ग्राम निवासी राजा सिंह पिता-हरेन्द्र सिंह को अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा उनके स्विफ्ट डिजायर कार के साथ अपहरण कर लिया गया था। इस संबंध में अपहृत की माता सुनीता देवी पति हरेन्द्र सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर सोनपुर थाना कांड संख्या-389/24,दिनांक-080524 धारा-363 भा०द०वि० दर्ज किया गया था।जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक मे त्वरित करवाई करते हुए अनुसंधान मे लग गयी.सोनपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया.उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि अपराधकर्मियों द्वारा दिनांक-080524 की रात्रि में ही अपहृत राजा सिंह की हत्या कर उनके शव को वैशाली जिला के देसरी थानान्तर्गत रेलवे ढ़ाला के पास रेलवे लाईन के किनारे फेंक दिया गया था, जहाँ से शव को दिनांक-090524 को बरामद कर अन्त्य परीक्षण कराया गया था। इस कांड का अग्रतर अनुसंधान, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर सफल उभेदन करते हुये अग्रतर अनुसंधान के कम में अपहरण कर हत्या की घटित घटना के मुख्य सूत्रधार अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत कुमार सिंह उर्फ प्रद्युम्न पिता-रूदल सिंह सा० चन्द्रभान उर्फ डगरू थाना महुआ जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया है तथा घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की पहचान की जा चुकी है। यह कांड अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं मृतक राजा सिंह के स्विफ्ट कार की बरामदगी एवं अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान अन्तर्गत है। गिरफ्तार अप्रा०अभि० रंजीत कुमार सिंह उर्फ प्रद्युम्न का लम्बा आपराधिक इतिहास रहा है, जिसे संबंधित थाना से प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।छापामारी में सम्मिलित रहे पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मे पु०नि० राजनन्दन, थानाध्यक्ष, सोनपुर थाना,पु०अ०नि० कुंदन कुमार, सोनपुर थाना, सि निखिल कुमार, सोनपुर थाना,सि०प्पु कुमार, सोनपुर थाना, प्रदीप कुमार कुशवाहा, सोनपुर थाना। पुलिस को इस उपलब्धि को लेकर वरीय पदाधिकारियों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष सहित अन्य कर्मियों को बधाई दी है।

## भरपुरा पंचायत क्षेत्र मे दो पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी, 7 लोग गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के भरपुरा पंचायत के गंगाजल -चौसिया ग्रामों के बीच शनिवार को बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की ओर से लाठी- डंडा और ईंट-पत्थर भी चले जिसमें तीन लोग घायल हो गए।सूचना मिलते ही सोनपुर थानाध्यक्ष राज नंदन दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुचें। दोनों ही पक्षों के सात व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार चौसिया ग्राम में बच्चों के खेलने के दौरान किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसके बाद दोनों बच्चों के परिजनों के बीच कहा सुनी हुई और मामला बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से दर्जनों लोग जुट गए और जमकर लाठी- डंडा और ईंट- पत्थर चलने लगे, जिसमें तीन से चार लोगों को चोटें आयी है। दोनों ओर व्याप्त तनाव को देखते हुए सोनपुर थानाध्यक्ष ने देर रात दलबल के साथ स्थिति को नियंत्रित किया। इस सम्बंध में सोनपुर थानाध्यक्ष ने रविवार को बताया कि दो बच्चों के बीच का विवाद को लेकर मारपीट हुई है। जिसमें तीन लोगों को मामूली चोटें आयी है। इस मारपीट मे कुल 7 लोगो को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है.हालाकि स्थिति को नियंत्रित के लिए पुलिस कैंप कर रही है।

## रसोइयों को साड़ी और कपड़े देने का सिर्फ आश्वासन देती है सरकार, देती नहीं है - पवन शुक्ल

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** । राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोइया फ्रंट के तत्वाधान में संगठन के जिला सचिव सुरेश राय की अध्यक्षता में प्रखंड संसाधन केंद्र मढ़ौरा आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में रसोइयों की बैठक संपन्न ह?ई। बैठक में रसोइयों के अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया द्य बैठक के मुख्य अतिथि संगठन के संस्थापक सह राष्ट्रीय महासचिव राम कृपाल जी ने बिहार सरकार से मांग करते हुए कहा कि रसोइयों के मानदेय में बढ़ोतरी राशि साल के पहले महीना से लागू करे द्य संगठन के अध्यक्ष पवन शुक्ला ने रसोइयों के हित में यह बयान दिया कि रसोइयों को मानदेय प्रत्येक माह के 7 तारीख को दिया जाए द्य रसोइया को हर साल साड़ी और कपड़ा देने की आश्वाशन देती है लेकिन सरकार नहीं दे पाती है । सरकार गरीब रसोइयों की आवाज नहीं सुन पाती है । बैठक में कार्यकारिणी सदस्य रूबी देवी ने कहा सरकार को न्यूनतम राशि जो एक मजदुर को मिलती है उतना ही रसोइया को देना चाहिए द्य जिला सचिव ने कहा कि सरकार हम रसोइयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है । इस महंगाई को देखते हुए 1650 रु से काम नहीं चल रहा है। क्योंकि हमलोग प्रतिदिन 8 घंटे मजदूरी करते है। बदले में हमें क्या मिलता है 50 रु प्रतिदिन द्य रसोइयों का शोषण कब तक किया जाएगा द्य सरकार हमारी मांगो पर विचार नहीं करेगी तो हमलोग पटना पहुंच कर अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे।

## दो युवकों को महदलीचक फोर लेन में बदमाशों ने गोली मारकर किया घायल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर के नयागांव थानान्तर्गत पुराने विवाद को लेकर महदली चक फोर लेन के पास 02 व्यक्ति को गोली मारकर बदमाशो ने घायल रविवार को कर दियाम़ौके का फायदा उठाकर बदमाशों ने भागने में सफल रहा.इस घटना की जानकारी मिलते ही नयागांव थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलो को सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां वेहतर ईलाज के लिए डॉ ने उसे सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया है.इस घटना की जानकारी देते हुए नयागांव थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि सचिन कुमार राय अपने फुफेरा भाई के साथ मोटरसाइकिल से परसौना (परसा )जा रहा था इसी बीच रास्ते मे बदमाशो ने गोली मार दिया जिससे दो लोग घायल हो गया हैघ़ायल युवक सचिन कुमार, पिता परमेश्वर राय, साकिन- ईस्माइलचक, थाना- सोनपुर, जिला- सारण, 2.दीपक कुमार, पिता- शम्भू राय, साकिन- परसौना, थाना परसा, जिला- सारण के निवासी है. घायलवस्था मे पुलिस को बताया कि गांव के ही कुछ लोग ने गोली मारकर फरार हो गया हैऩयागांव पुलिस द्वारा घटना से जुड़ी सभी बिन्दुओ की जाँच कर अग्रतर कार्रवाई मे जुट गयी है।

## युवक को कार ने कुचला, दर्दनाक मौत

**दैनिक खोज खबर/मकेर।** थाना क्षेत्र के डीही ग्राम निवासी सुरेश राय की मौत हो गई है ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुरेश राय अपनी ट्रक लेकर आरा कोइलवर बालू के लिए गए हुए थे।कोइलवर में ट्रक की लंबी कतार लगी हुई थी, ट्रक चालक सुरेश राय अपनी ट्रक से उतरकर देख रहे थे, उसी दरम्यान एक कार चालक तेजी से रौंदते हुए फरार हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया एवम शव को परिजन को सौंपा दिया।इस हृदय विदारक घटना से ग्रामीण मर्माहत हैं,वही परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हैं।

## फ्लाईओवर से गिरी कार में लगी आग,दो घायल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के जेपी सेतु से सोनपुर की ओर जा रही एक कार त्रिभुवन चौक के नजदीक फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे खेत में रविवार को गिर गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई और देखते ही देखते वह धू-धू कर जलने लगी। कार में सवार चार लोग किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब तो रहे। इस घटना मे दो यात्री घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी दो लोग मामूली रूप से घायल हुए। हादसे के तुरंत बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।आसपास के लोगो ने बताया कि कार के खेत में गिरते ही उसमें आग लग गई, जिसे देखकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने मे सफल रहा लेकिन कार जलकर नस्ट हो गई। थानाध्यक्ष राजनंदन ने कहा कि इस घटना के मामले मे पुलिस जांचपड़ताल मे जुट गयी है।

## मढ़ौरा दवा विक्रेता संघ की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** स्थानीय थोक और खुदरा दवा विक्रेता कि एक बैठक चीनी मिल परिसर में जय किशोर सिंह कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दवा दुकानदारों ने स्थानीए समस्या को सामने रखा और उसके समाधान को लेकर आपस में चर्चा की। बैठक में रविवार को थोक दवा दुकानों को बंद रखे जाने का निर्णय लिया गया। यह कहा गया कि सभी दवा थोक विक्रेता इसका अनुपालन करेगें। वही दवा दुकानदारों को आपस में आपसी समन्वय बना कर एक दूसरे को सहयोग देने की बात कही है। बैठक में 19 जनवरी को बैठक की अगली तिथि निर्धारित करते हुए कहा कि अगली बैठक में जिला विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहेगे। बैठक में स्थानीय सचिव सोनू सिंह, उपाध्यक्ष मोहिबुल हसन, उपसचिव बाबू राम सिंह, नीरज कुमार, धर्मवीर सिंह, राज कुमार गिरि, असलम अंसारी, मुमताज अंसारी, आलमगीर, धीरेन्द्र उपाध्याय, संजय यादव, अजित कुमार, अशोक सिंह, सुरेन्द्र राय, सुजित कुमार, बिक्रमा प्रसाद सहित अन्य थोक व खुदरा दवा विक्रेता उपस्थित रहें।

## नवविवाहिता की हत्या के पांच दिन बाद पुलिस ने गंडक नदी से महिला का शव किया बरामद

### दहेज के लिए ससुराल वालों ने नवविवाहिता की हत्या कर शव को कर दिया था गायब

### पति समेत छह लोगों पर दर्ज हैं प्राथमिकी, घटना के बाद आरोपी घर छोड़कर है फरार

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र भटगाई गांव में शादी के महज 16 माह बाद ही ससुराल वालों द्वारा एक नवविवाहिता की हत्या कर शव गायब कर दिया गया था। हत्या के पांच दिन बाद तरैया पुलिस ने मुजफ्फरपुर जिले के चक्की सोहागपुर गंडक नदी से नवविवाहिता के शव को बरामद किया है। तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने दलबल के साथ नवविवाहिता की शव को बरामद कर नाव से शव को लेकर नदी किनारे पहुचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतिका के पिता द्वारा शव की पहचान कर ली गई हैं। फिलहाल शव अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए छपरा भेज दिया गया है। बताते चले कि तरैया के भटगाई गांव दहेज के लिए ससुराल वालों द्वारा एक नवविवाहिता की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया था। मृतिका उक्त गांव निवासी प्रीतोस सिंह की पत्नी रानी सिंह बताई गई है। मामले में मृतका के पिता यूपी के प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर थाना के तुलापुर (सरायसंसारा) गांव निवासी राघवेंद्र सिंह ने तरैया थाने में पति, सास, ससुर, ज्येष्ठ, जेठानी सहित छह लोगों के के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं घटना के बाद से ही आरोपी घर छोड़कर फरार है। मामले में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज कर कांड का अनुसंधान किया जा रहा था। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि नवविवाहिता की हत्या कर शव को गंडक नदी में छिपाया गया हैं। जिसके बाद शव की बरामदगी के लिए छानबीन शुरू की गई तो गंडक नदी में मुजफ्फरपुर जिले के चक्की सोहागपुर के समीप से नवविवाहिता के शव को बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## महावीर मंदिर ट्रस्ट पटना के संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल के निधन से शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** महावीर मंदिर ट्रस्ट पटना के संस्थापक व सचिव और धार्मिक न्यास समिति,बिहार प्रदेश के भूतपूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ आई पी एस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के रविवार सुबह हार्ड अटैक से निधन हो गया है। वो 74 साल के थे। उनके निधन के खबर सुनते ही सोनपुर के श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थान पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी महाराज व लोक सेवा आश्रम के संत शिरोमणि विष्णु दास उदासीन उर्फ मौनी बाबा ने गहरी शोक व्यक्त करते हुए उन्हें ईश्वर से उनकी आत्मा को शान्ति व ईश्वर के श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हैं।उन्होंने कहा कि उनके निधन से बिहार और पूरे देश के सनातनी दुखी हैं। उन्होंने कहा बिहार ही नहीं देश के कई क्षेत्रों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौनी बाबा ने बताया किसाल 2000 में पुलिस से रिटायर होने के बाद उन्होंने केएसडी संस्कृत यूनिवर्सिटी दरभंगा के कुलपति का पद संभाला. 2004 तक वे इस पद पर रहे।बाद में वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के प्रशासक बने.आचार्य किशोर कुणाल बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव भी थे।महावीर मंदिर न्यास बोर्ड पटना में कई स्कूलों और कैंसर अस्पताल का संचालन करती है। आचार्य किशोर कुणाल राजधानी पटना में ज्ञान निकेतन जैसे चर्चित स्कूल की स्थापना भी की।

किशोर कुणाल बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के समधी भी थे। अशोक चौधरी की बेटी शांभवी की शादी किशोर कुणाल के बेटे सायण कुणाल से हुई है.उनके निधन से रजनीतिक, समाजिक, धार्मिक दृस्टि से अपूरणीय क्षति हुई है सोमवार के उनका अंतिम संस्कार होगा।

## सोनपुर मेले में दुकानदारों से अवैध वसूली करने वाले के ऊपर होगी करवाई- एसडीओ

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 32 दिनों तक लगने वाली सोनपुर मेले के सरकारी विधिवत समापन 14 दिसंबर 24 के होने के बाद भी यहां के सरकारी भूमि पर दुकान लगाए दुकानदारों और फेरी वालों से जबरन रुपए वसूली की शिकायत प्रकाश में आई हैं। इसकी जनकारी स्थानीय प्रशासन को मिलते ही वसूलने करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.उक्त बातें सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार ने मेले के दुकानदारों से अपील किया कि यदि उनसे भूमि किराया के नाम पर जबरन रुपये वसूलने आता है तो वह कतई नहीं दें और इसकी तत्काल लिखित या मौखिक सूचना प्रशासन को दें। एसडीओ ने शनिवार को बताया कि उन्हें किसी ने सूचित किया है कि सरकारी स्तर पर हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले का समापन 14 दिसंबर को ही किया जा चुका है। इसके बावजूद मेले के दुकानदारों से जबरन रुपये की वसूली की जा रही है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि मेला समापन के 15 दिनों बाद भी मेले में बड़ी संख्या में दुकानें सजी है, जहां खरीदारों के अप्रत्याशित भीड़ उमड़ रही है। यह भीड़ मेला दर्शको की नहीं, बल्कि केवल खरीदारों की है। अभी मेले में आवश्यकता की वस्तुओं की बड़ी संख्या में दुकानें सजी हुई हैं। लोग अपने समर्थ और जरूरत के सामान खरीदारी कर रहे हैं.अभी भी मेले में ऊनि कपड़े, घरेलू समानों, श्रृंगार के सामान, फर्नीचर के दुकान सहित सैकड़ो दुकान खुली हुई है.जहां लोग जमकर खरीदारी कर रहे है।

## पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मढौरा (सारण)।** पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह के निधन पर मढौरा के मुबारकपुर स्थित गोस्वामी हिकायत गिरि पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लालबाबू गिरि ने डा सिंह के निधन को देश की राजनीति में अपूरणीय क्षति बताया। श्री गिरि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा मनमोहन सिंह एक इमानदार व्यक्तित्व के धनी होने के साथ साथ साथ विद्वान अर्थशास्त्री थे जिन्होंने भारत को आर्थिक संकट से बचाने का काम किया। इसके साथ ही उनके प्रधानमंत्रित्व काल में देश हित में गरीबी, बेरोजगारी और किसानों के हित में किये गये कार्यों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर नुरुल हक, कैलाश यादव फजलू रहमान, मनोज गिरि सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

# सांसद रुडी की पहल पर 540 लोगों को मिला मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 5 करोड़ से अधिक का अनुदान

### सारण की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लोगों को सांसद ने सहायता राशि उपलब्ध कराई

### आर्थिक रूप से कमजोर और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए मिला अनुदान

*■ आयुष्मान वय वंदन योजना के लिए भी विभिन्न पंचायतों में विशेष शिविर ■ वय वंदन योजना से 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को मिलती है नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं*

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्थानीय सांसद सह जल संसाधन संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रुडी की पहल पर सारण में वर्ष 2024 में 540 लोगों को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 5 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान मिला। यह अनुदान आर्थिक रूप से कमजोर गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए दिया गया था। इस अनुदान के माध्यम से, सांसद श्री रुडी ने अपने क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहत कोष से अनुदान दिलाने की सांसद रूडी की एक व्यवस्थित व्यवस्था या प्रणाली है, जिसमें उनके कंट्रोल रूम में एक टीम लगी हुई है जो आवेदन प्राप्त होते ही अनुदान दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर देती है। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि जरूरतमंद लोगों को समय पर और पारदर्शी तरीके से अनुदान मिले। श्री रुडी की इस पहल से न केवल नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हुआ है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सांसद अपने क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं और अपने स्तर से लगातार उनकी मदद करते रहते हैं। इसी संदर्भ में इस वर्ष उन्होंने 540 लोगों के बीच 500 लाख से अधिक का चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों के लोगों को यह सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। जन जन को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम आयुष्मान भारत और 70 वर्ष से अधिक की उम्र वाले वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई आयुष्मान वय वंदना कार्यक्रम अलग से संचालित है। बावजूद इसके जो लोग इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे है, उन सबको मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उनके भी स्वास्थ्य की चिंता सांसद ने की है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बावजूद, कई नागरिक इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। ऐसे में सांसद द्वारा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से राशि उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इन नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने में मदद करेगा। सांसद अपने क्षेत्र के नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने में मदद करने के लिए काम करते हैं। इसके लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदन योजना के विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। यह योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत, 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है। इस योजना के लिए पंजीकरण करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किया जाता है, जिसके माध्यम से वे निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# सीएम नीतीश कुमार की प्रगति संवाद यात्रा की तैयारी स्थल का अधिकारियों ने किया का निरीक्षण

## मुख्यमंत्री की प्रगति संवाद यात्रा से जिले में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलने की बढ़ी उम्मीद

**दैनिक खोज खबर (एकमा (सारण)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगामी 8 जनवरी को सारण जिले में प्रस्तावित व इस दौरान एकमा में संभावित प्रगति संवाद यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस संदर्भ में जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की टीमों ने आमडाढ़ी पंचायत में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531व छपरा-सिवान रेल खंड के बीच में स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा स्थान के परिसर में संभावित कार्यक्रम आयोजन स्थल का निरीक्षण कर हो रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान रविवार को जिला कृषि पदाधिकारी श्याम बिहारी सिंह, एकमा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, एकमा के अंचलाधिकारी राहुल शंकर आदि ने पहुंच कर मैदान परिसर में हो रहे हैलिपैड सहित अन्य निर्माण व तैयारियों से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।इस अवसर पर कृषि विकास के कर्मी अजय प्रसाद, किसान सलाहकार अरुण सिंह, आमडाढ़ी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह, पूर्व मुखिया किशुन सिंह, पैक्स अध्यक्ष मुकुल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अरविंद सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि सुरेंद्र नाथ पंडित, जदयू नेता श्रीप्रकाश सिंह उर्फ महेश सिंह, वरीय जदयू नेता राजीव कुमार शर्मा, प्रभाशंकर सिंह, समोद सिंह, आलोक सिंह, वीरेश सिंह, चंचल सिंह, विजय कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, मुन्ना सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण व मजदूर वर्ग के लोग मौजूद थे।सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस प्रगति संवाद यात्रा के दौरान सारण जिले में विकास परियोजनाओं की प्रगति का निरीक्षण, शिलान्यास व स्थानीय जनता से संवाद स्थापित करेंगे। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन से लेकर प्रखंड प्रशासन के अधिकारी सतर्क व तैयारियों में व्यस्त नजर आ रहे हैं।वहीं आमडाढ़ी पंचायत सहित एकमा प्रखंड व नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र की जनता सहित ग्राम पंचायत व नगर पंचायत बाजार के प्रतिनिधियों के बीच सीएम की इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह है।

जिला प्रशासन द्वारा आमडाढ़ी-कर्णपुरा स्थित ब्रह्म बाबा स्थल परिसर की साफ-सफाई, शौचालय निर्माण, पानी, बिजली, सुरक्षा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

बहरहाल, सारण जिले के ग्रामीणों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री की इस प्रगति संवाद यात्रा से उनके क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

**जानिए क्या कहती है आमडाढ़ी पंचायत की जनता:** सीएम नीतीश कुमार की संभावित प्रगति संवाद यात्रा कार्यक्रम के आमडाढ़ी पंचायत के लक्ष्मी ब्रह्म बाबा स्थान के परिसर में आयोजित होने को लेकर स्थानीय जनता काफी उत्साहित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े सौभाग्य की बात है कि मेरे पंचायत के कर्णपुरा स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा के मैदान में मुख्यमंत्री का आगमन होने वाला है।उनके यहां आने को लेकर ब्रह्म बाबा स्थान व परिसर का कायाकल्प हो रहा है। यहां की तैयारी कार्यों की देखरेख करने व सहयोग हेतु पूर्व व वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामीण जनता भी तत्पर हैं। इस संबंध में पूर्व मुखिया व जन सुराज के एकमा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि सीएम नीतीश कुमार के यहां आने से हमारे ग्राम पंचायत सहित दर्जनों पंचायतों में विकास कार्यों का अधिक उत्थान होने की नये साल में जनता को उम्मीद है।

**किसान ने 13 कट्ठा खेत में लगी सरसो की फसल को उखाड़ दी :** जिला पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीओ आदि के आग्रह पर ग्रामीण रंजीत सिंह चौहान ने अपनी लगभग 13 कट्ठा खेत में लगी सरसो की फसल को तैयार होने से पहले ही उखाड़ कर कार्यक्रम आयोजन की सफलता में अपना सहर्ष सहयोग किया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष तरुण कुमार तिवारी ने कहा कि इतिहास में डॉ मनमोहन सिंह का नाम उसी दिन दर्ज हो गया था जब विश्व में छाई मन्दी को भारत में निस्तेज कर दिया था। सादगी और विनम्रता के धनी डॉ मनमोहन सिंह गरीबों के कल्यानार्थ हमेशा चिंतनशील रहें। रोजगार को प्रभावी बनाने वाली मनरेगा हो या शिक्षा का अधिकार हो, जनवितरण की उचित व्यवस्था, सड़क, विजली आदि के माध्यम से इन्होने गरीबों की भावनाओं को ज्यादा समझने का काम किया। इन्होने भारत को जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक मजबूत बनाने का काम किया है। वे काम में विश्वास रखते थे प्रचार में नहीं। डॉ मनमोहन सिंह ने हमें जो भी दिया था या संरक्षित किया था उसे आज की सत्ता द्वारा छिना जा रहा है। इनकी एक दशक की कार्यकाल को देश हमेशा याद रखेगा। हम सबके अपने प्रखंड का रेल पहिया कारखाना उन्ही की परियोजना थी, आज इसी कारखाने की वजह से दरियापुर का नाम देश के औद्योगिक मानचित्र पर है। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के सेवा दल के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन युवा नेता युवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर सुदामा देवी, राम परीक्षण शर्मा, सुनील चौधरी, रमेश चौधरी, अजीमुल्लाह अंसारी, गिरजा प्रसाद राय,मो जावेद, परमेश्वर सिंह, सम्पत सिंह, मो वहीद, राहुल कुमार, मुन्ना यादव सहित दर्जनों अन्य उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब छपरा फ्रेंडशिप मैच : शिक्षक एकादश बनाम ऑफिशियल एकादश संयुक्त विजेता घोषित

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** रोटरी क्लब छपरा द्वारा आयोजित फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच में रविवार को शिक्षक एकादश बनाम ऑफिशियल एकादश के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मैच रोमांचक क्षणों से भरा रहा और अंत में दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।खेल के दौरान दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिक्षक एकादश ने अपनी रणनीति और अनुभव का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया, वहीं ऑफिशियल एकादश ने अपनी तेज गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग से मुकाबले को संतुलित रखा। मैच का नतीजा दोनों टीमों के शानदार खेल को दर्शाता है।खेल के अंत में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने कहा, ''यह मैच न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि आपसी सहयोग और दोस्ती का प्रतीक भी है।''वहीं ऑफिशियल एकादश के कप्तान व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सारण धनंजय पासवान ने कहा कि रोटरी क्लब छपरा की ये बहुत अच्छी पहल है। वहीं ऑफिशियल एकादश के उप कप्तान व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा सारण अजीत अमर हरिजन ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और उन्होंने कहा फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच जैसी गतिविधियों से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों तथा शिक्षकों के बीच एक अच्छा समन्वय स्थापित होगा जिससे बच्चों के बीच खेल और पढ़ाई का स्वस्थ वातावरण उत्पन्न होगा। शिक्षक एकादश के कप्तान मृणाभ कुमार ने खिलाड़ी शिक्षकों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही रोटरी क्लब छपरा की ये एक सरहानीय कदम है। शिक्षक एकादश की तरफ से अभिमन्यु कुमार सिंह,नवीन कुमार, राहुल, प्रशांत,चंदन कुमार सिंह, इत्यादि का प्रदर्शन शानदार रहा तो वहीं ऑफिशियल एकादश की तरफ से सचिन, आदर्श, रजनीश, आकाश कुमार, रौशन कुमार सिंह इत्यादि ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटीम इस आयोजन में खेल शिक्षक राकेश सिंह,पंकज कश्यप, शशि भूषण सिंह सद्दाम हुसैन,सूरज कुमार,सहित लोगों के सामुदायिक प्रयास से आज का खेल सफल रहा सभी ने कहा कि खेल भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।




## चिकित्सक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति के तत्वावधान में गवन्द्री गांव स्थित समिति के सचिव डॉ. मनोज कुमार पंडित के आवास पर रविवार को चिकित्सा सेवाओं में सुधार और ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक विशेष चिकित्सक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पटना से आए आयुषवेदा संचालक राजेश कुमार ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, रोग निदान की आधुनिक पद्धतियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के महत्व पर जोर दिया। ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों की भूमिका को सराहा और उनके कर्तव्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने संस्था को तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। सचिव डॉ.मनोज कुमार पंडित ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्राथमिक चिकित्सक प्रयत्नशील हैं। परंतु हम चिकित्सकों के प्रति सरकार का रवैया ठीक नहीं है। संस्था प्रयासरत है कि सरकार उन्हें उचित सम्मान दे। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की कि वे अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग करके ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए काम करें। कार्यक्रम के दौरान समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और समुदाय को जागरूक करने की बात कही। वहीं क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकिसकों को संस्था के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार गिरी द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के सचिव डॉ मनोज कुमार पंडित, संयोजक डॉ राज किशोर साह, डॉ राम प्रवेश राय, डॉ उदयगिरि पंडित, डॉ विश्वनाथ राय, डॉ संगीता सिन्हा, डॉ हरेंद्र सिंह, डॉ कैलाश प्रसाद सिंह, डॉ वीरेंद्र राय, डॉ मुकेश यादव, डॉ श्रीराम तिवारी, डॉ जितेंद्र शर्मा, डॉ ध्रुव कुमार सिंह, डॉ हर्षवर्धन सिंह, डॉ दिलीप कुमार, डॉ रंजीत कुमार सिंह, डॉ असलम, डॉ रमेश सिंह, डॉ ओम प्रकाश पंडित, डॉ अभिषेक कुमार, एमजीटी के निदेशक मुकेश अभिनंदन समेत सैकड़ो प्राथमिक चिकित्सक उपस्थित थे। अध्यक्षता डॉ वीरेंद्र कुमार गिरी ने किया जबकि मंच संचालन डॉ असलम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार पंडित ने किया।

## सरकार के आगमन को ले सज-संवर रहा एकमा, सड़कें हो रही है दुरुस्त



(जगह-जगह सरकारी कार्यालयों में रंग-रोगन में लगे मजदूर)

**देवेन्द्र कुमार सिंह**

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** प्रगति यात्रा के क्रम में 08 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एकमा में संभावित आगमन को लेकर एकमा सज और संवर रहा हैप्रखंड मुख्यालय को चकाचक बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी हैएक तरफ विभिन्न भवनों की रंगाई की जा रही है तो भवनों में क्षतिग्रस्त खिड़की, चौखट, कुर्सी व फर्नीचर लोहे की ग्रील को मरम्मत कराया जा रहा है, तो वहीं दुसरी ओर प्रखंड मुख्यालय परिसर में जर्जर सड़क को पीसीसी कराया जा रहा है. इसके लिए सरकारी महकमा दिन-रात एक किये हुए है.सरकारी कार्यालयों का तो जैसे कायाकल्प सा हो गया है. जगह-जगह सरकारी कार्यालयों में रंग-रोगन कराया गया है या फिर रंग-रोगन का कार्य चल रहा है.इतना ही नहीं सरकारी कार्यालयों के परिसर में तरह-तरह के फूल लगाये जा रहे हैं.प्रखंड कार्यालय आदि का रंग-रोगन काम युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है और चकाचक दिख रहा हैइसके इतर नगर पंचायत भी मुख्यमंत्री के आगमन को ले बढ़-चढ़ कर भूमिका निभा रहा है. नगरपंचायत कार्यालय में भी साफ-सफाई का कार्य चल रहा है.चौक-चौराहों व सड़कों की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है. कहीं कोई चूक न रह जाए और सरकार को नागवार न गुजरे इस बात का विशेष ख्याल रखा जा रहा है.कुल मिला कर सरकार के आगमन को ले सज और संवर रहा है एकमा।

# एकमा में दर्जनों स्कूलों में चापाकल खराब, मरम्मत नहीं करा रहा पीएचइडी



(मध्य विद्यालय सारांव-2 में दो-दो चापाकल खराब)

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** एकमा प्रखंड में करीब दो सौ सरकारी विद्यालयों का संचालन हो रहा है.विगत वर्ष भीषण गर्मी शुरू होने के साथ हीं दर्जनों स्कूलों में चापाकल ने जवाब दे दिया है जो अबतक मरम्मत नहीं कराया जा सका नतीजा यह है कि छात्र-छात्राओं को प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है. जिससे छात्र-छात्राएं खुद घर से पेयजल ले जाने को मजबूर हैंक़ई स्कूलों में बच्चे चापाकल तक जाते जरूर है लेकिन पानी नहीं निकलने के कारण मायूस होकर हीं उन छात्रों को कक्षा में पहुंचना पड़ता है.जो बच्चे घर से बोतल में पानी ले गये रहते हैं तो घूंट-घूंट पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं.जो जांच का विषय है.इस मामले की यदि गहन जांच पड़ताल की जाय तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आयेंगे.

### स्कूल में दो चापाकल दोनों हीं खराब

प्रखंड में किसी-किसी स्कूल में दो-दो चापाकल है लेकिन दोनों हीं खराब है, तो कहीं तीन में दो खराब है.राजकीय मध्य विद्यालय सारांव-2 में दो-दो चापाकल लगाए गए हैं दोनों हीं चापाकल खराब होने से बच्चों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है.इस तरह से प्राथमिक विद्यालय बंशी छपरा-1 का चापाकल अबतक ठीक नहीं किया गया है तो वहीं रामनंदन सिंह उच्च विद्यालय योगियां के प्रांगण में लगाए गए कुल पांच चापाकलों में तीन चापाकल खराब है, ऐसे कई विद्यालयों में खराब पड़े दर्जनों चापाकलों का मरम्मत अभी तक नहीं कराया गया है जिससे छात्र-छात्राओं के बीच शुद्ध पेयजल का संकट गहराया है।

## रोटरी क्लब छपरा द्वारा करिंगा गांव में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रोटरी क्लब छपरा ने सामाजिक सेवा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए करिगा गांव के देवी स्थान पर एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न बीमारियों की जांच और उपचार प्रदान किया।कैंप में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ बी के सिन्हा, जनरल फिजिशियन डॉ अभिषेक हर्षवर्धन,डॉ ओंकार नाथ, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पार्थ सारथी गौतम और बच्चा रोग विशेषज्ञ डॉ ए के वर्मा सहित अन्य डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। सैकड़ों ग्रामीणों ने इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। डॉक्टरों ने निःशुल्क परामर्श, दवाइयां और आवश्यक जांच सुविधाएं प्रदान की।

## कटसा में ज्वेलरी दुकान में सेंधमारी कर चोरो ने जेवर चुराए

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**स्थानीय थाने के कटसा बाजार में एक ज्वेलरी व बर्तन दुकान में सेंधमारी कर चोरो ने लाखों रूपए के आभूषण की चोरी कर ली।मिली जानकारी के अनुसार गड़खा थाने गड़खा निवासी अरूण कुमार भेल्दी थाने के कटसा बाजार स्थित सिद्धि ज्वेलर्स व बर्तन दुकान को शनिवार की रात बंद कर घर चले गए।रविवार की अहले सुबह लोगों द्वारा सूचना मिली कि उनके दुकान में चोरों द्वारा सेंधमारी की गई है।खबर मिलते ही दुकानदार अरूण कुमार कटसा पहुचें और पुलिस की मौजूदगी में दुकान को खोला तो देखा कि सेफ टूटा हुआ है और सोने व चांदी के आभूषण गायब है।हालांकि अंदर रखे मेन सेफ को चोरों ने नहीं तोड़ा था जिससे और जेवर चोरो के हाथ नहीं लग सके।घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान,इंस्पेक्टर विपीन कुमार,थानाध्यक्ष संदीप कुमार मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए।डॉग स्क्वाएड की टीम मौके पर पहुंची और खोजी कुत्तों के सहारे चोरो तक पहुंचने का प्रयास की मगर सफलता नहीं मिल सकी।समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।वैसे कटसा बाजार में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से दुकानदार काफी परेशान हैं।

## नव चयनित मंडल अध्यक्ष के सम्मान में समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** भारतीय जनता पार्टी के मांझी मध्य मंडल के नव चयनित मंडल अध्यक्ष के सम्मान में रविवार को नगर पंचायत मांझी के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मांझी मध्य मंडल के नव चयनित मंडल अध्यक्ष बिजय प्रसाद का जोरदार स्वागत फूलमाला पहना कर किया गया। इस दौरान मांझी विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राणाप्रताप सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने नव चयनित मांझी मध्य मंडल के अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा शुरू से ही अनुशासित राजनीतिक दल रहा है। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया गया है। इस अवसर पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मंडल अध्यक्ष को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद अभिषेक कुमार सिंह उर्फ पंकज सिंह, निर्मल पाण्डेय, दीनदयाल पाण्डेय,महफूज खान,नरेंद्र सिंह,अमिताभ ओझा,नागेंद्र ठाकुर,अनुकूल कुमार आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के लेजुआर पंचायत में मुसर में रविवार को खिया प्रतिनिधि के आवासीय परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सक डॉ चंदन कुमार द्वारा दर्जनों नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर उन्हें दवा के साथ आवश्यक सलाह दी गई। शिविर के संचालक मुखिया प्रतिनिधि ध्रुपदेव गुप्ता ने बताया कि कैम्प के माध्यम से करीब सात दर्जन आँख की बीमारियों से पीड़ित गरीब रोगियों की आंख जाँच कर दवा आदि का वितरण किया गया। वही नेत्र चिकित्सक द्वारा मोतियाबिंद बीमारी को दवा के माध्यम से महज 90 दिन में बिना आपरेशन के ठीक करने का दावा भी किया गया। इस दौरान चिकित्सक द्वारा आंख से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी भी मरीजों को दी गई। मौके पर टिम सहायक सीतांशु,शिल्पी कुमारी सहित गीता देवी,ऊषा देवी,जानकी देवी,अवधकिशोर सिंह,रंजीत सिंह,मुन्ना राम,सोनेलाल यादव,शिवपूजन राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को भव्य विवाह शोभा यात्रा निकाली जाएगी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बाबा मनोकामना नाथ मंदिर परिसर में आयोजन समिति की एक बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वानंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।जिसमें हर साल की भांति शिव विवाह शोभा यात्रा निकलने का निर्णय किया गया। अगली बैठक 5 जनवरी रविवार को प्रातः 11:00 बजे मंदिर परिसर में बुलाई गई है संस्थापक अरुण पुरोहित ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया कि 5 जनवरी रविवार को प्रातः 11:00 बजे मंदिर परिसर में आकर शोभा यात्रा को भव्य बनाने पर अपना सुझाव देने की कृपा करें।

## बकरी चराने को ले मारपीट में एक घायल

**सिवान :** महादेवा थाना क्षेत्र के बिंदुसार हमीद में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। पीड़ित ने बताया कि वह बाजार जा रहा था, तभी गांव के ही पांच-छह लोग उसे घेर लिए और लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दिए। बताया कि एक दिन पूर्व बकरी को खेत में चराने को लेकर विवाद हुआ था।

## शराब बरामदगी मामले में फरार तस्कर गिरफ्तार

**आंदर (सिवान) :** स्थानीय थाना की पुलिस ने शनिवार की रात गश्त के बलईपुर गांव से शराब बरामदगी मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि बलईपुर निवासी अशोक कुमार चौरसिया को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि गिरफ्तार अशोक कुमार के घर से 27 दिसंबर की रात 32400 लीटर शराब जब्त की गई थी। इस दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।-

## धोखाधड़ी से रुपये लेने व जमीन रजिस्ट्री कराने का आरोप

**सिवान :** शहर के डीएवी कालेज स्थित आंबेडकर नगर निवासी शारदा मणि कृष्णा ने एसपी को आवेदन देकर कुछ लोगों पर धोखाधड़ी कर रुपये लेने तथा जमीन रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया है। साथ ही रुपये मांगने पर तरह-तरह की धमकी देने की बात कही है। उन्होंने आवेदन की प्रति सारण डीआइजी समेत अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी को भी सौंपी है।

## ट्रेन के शौचालय में लावारिस हालत में रखे झोला से शराब बरामद

**सिवान।** आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने ट्रेन की जांच के दौरान शौचालय से लावारिस हालत में रखे झोले से 99 बोलत शराब बरामद किया है। हालांकि मौके का फायदा उठाते हुए शराब तस्कर फरार हो गया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गाड़ी संख्या 02570 के कोच संख्या बी टू के शौचालय में शराब की सूचना मिली। जब उक्त गाड़ी संख्या जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंची। इस दौरान शौचालय से एक बड़ा झोला लावारिस हालत में रखा पाया गया। पूछताछ करने पर किसी भी यात्री द्वारा इस संबंध में नहीं बताया गया। इसके बाद शराब को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई हेतु जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया। बरामद शराब की बाजार में कीमत 21 हजार 270 रुपये बताई जाती है। छापेमारी टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय, सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय, कांस्टेबल उपेंद्र मिश्रा, कांस्टेबल बिदेश्वर साह गोड़ आदि शामिल थे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**सिवान : नगर** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में घर बनवा रहे एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान खुर्शीद आलम के रूप में हुई है। घायल खुर्शीद आलम ने बताया कि करीब आठ-दस की संख्या में युवक पहुंचे और निर्माण कार्य को रोक दिया। जब मैनें इसका विरोध किया तो वे लोग मारपीट करने लगे। इस दौरान उन लोगों ने डंडा व हाकी स्टिक से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## अर्धनिर्मित शराब को पुलिस ने किया विनिष्ट

**सिवान :** एसपी अमितेश कुमार के निर्देश पर रविवार को सराय थाना की पुलिस ने विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र के उखई चंवर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब को विनिष्ट किया। हालांकि मौके से शराब तस्कर फरार होने में सफल रहे। पुलिस उनकी पहचान कर गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष धमेंद्र कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत उखई चंवर में छापेमारी के क्रम में करीब तीन हजार लीटर अर्धनिर्मित महुआ पास एवं दो भट्ठी को नष्ट किया गया है।

## बीपीएससी परीक्षा में धांधली पर जताया विरोध

**बड़हरिया (सिवान) :** बिहार लोक सेवा आयोग के तहत आयोजित 70वीं प्रारंभिक परीक्षा में हुई धांधली और कथित पेपर लीक मामले का विरोध जन सुराज के प्रखंड अध्यक्ष जुनैद रिजवी के नेतृत्व में मार्च निकालकर जताया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार की उदासीनता एवं आयोग के हिटलरशाही रवैये के कारण आज लाखों छात्रों का जीवन अंधकारमय हो गया है। हजारों छात्र इस भीषण ठंड में भी अपने हक और बेहतर भविष्य के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश की सरकार उनके जायज मांग को अनसुनी कर देश के भविष्य व छात्र और छात्राओं पर लाठियां बरसा रही हैं, जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और गैर जिम्मेदाराना है। कहा कि बिहार सरकार द्वारा लोकतंत्र को लाठी तंत्र में तब्दील कर बेसहारा और मजबूर छात्रों का शोषण किया जा रहा है, जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मार्च में प्रखंड उपाध्यक्ष गोविंदा सोनी, अमलेश कुमार राम, युवा अध्यक्ष मुकेश कुमार, भागवत राम, बीडीएस सदस्य सह उपाध्यक्ष इजरायल हुसैन, जाहिद हुसैन, जन सुराज नेत्री अनीता आचार्य आदि शामिल थे।

## 17 केंद्रों पर 187 बच्चों व 34 गर्भवतियों का हुआ टीकाकरण

**आंदर (सिवान) :** विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत आच्छादन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रखंड के भरटोलिया, दाहाबारी, धर्मखोर, पचोखर, जयजोर, सहसरांव, तियांयगढ़, मानपुर पतेजी, हाता हाकमा, साचीपुर, कांधपाकड़, रकौली समेत 17 केंद्रों पर विशेष शिविर लगाकर शून्य से पांच आयु के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। संपूर्ण टीकाकरण पर जोर देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पूर्ण टीकाकरण करने के उपरांत मुख्यमंत्री कन्या उत्थान कार्यक्रम के तहत 2000 की राशि लाभुकों को दी जाती है और यह 12 प्रकार के जानलेवा बीमारी से बचाती है। विशेष टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रतिनिधि राम बिहारी प्रसाद, बीसीएम मधुरेंद्र कुमार, प्रीतम कुमार, मीना कुमारी, अनुपम कुमारी, रीना कुमारी, सुमन कुमारी, मधु कुमारी समेत दर्जनों आशा उपस्थित थी। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 23 दिसंबर से शुरू हुआ था।

## आध्यात्मिक सशक्तीकरण से ही नशे से पाई जा सकती है मुक्ति

**महाराजगंज (सिवान) :** प्रखंड के पोखरा गांव में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संवाद स्थापित करते हुए बीके राजीव ने नशा से होने वाली मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक और नैतिक विकृतियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि नशे का मुख्य कारण किसी न किसी प्रकार का मनुष्यों में बढ़ता हुआ विकार अथवा तनाव है और इस बीमारी का कारगर इलाज आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही है। यदि हरेक व्यक्ति को खुद की असीम शक्तियों और उसकी उपयोगिता से रूबरू करा दिया जाए तो वह समाज को सुसंगठित कर भारत देश की गरिमा को ऊंचाइयों की शिखर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य अपनी भावी युवा पीढ़ी को उसके अंदर छिपी हुई विशेषताओं से रूबरू कराना था और यदि ऐसा किया जाए तो हर बच्चा अपने अंदर छिपी हुई अनंत प्रतिभाओं को महसूस करते हुए नशीले पदार्थों व मोबाइल की लत से खुद को बचाकर समाज में अपना योगदान देकर सुंदर समाज का गठन कर सकते हैं

## ग्रामीण चिकित्सक सम्मान सह प्रशिक्षण समारोह का आयोजन

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** प्रखंड के सहसरांव गांव स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में रविवार को ग्रामीण चिकित्सक सम्मान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पार्षद सुशील कुमार डबलू एवं प्रखंड प्रमुख हरेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके जिला पार्षद ने कहा कि कोराना संक्रमण काल में ग्रामीण चिकित्सक ही लोगों की जान बचाने का काम किए थे, लेकिन सरकार के स्तर से अबतक इनके लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। इस मौके पर डा. चंदन कुमार ने ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार से संबंधित बेसिक जानकारी दी। जबकि डा.विशाल चौधरी ने चिकित्सकों से प्राथमिक उपचार में सावधानी बरतने का सुझाव दिया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे सेवा की प्रशंसा की। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सक डा.बीएन पंडित, डा.हमीद उर्फ लड्डू, डा.सरोज चौरसिया, डा. रामकेवल महतो, डा.सुशांत कुमार, डा.राजू राम समेत आदि ने संबोधित किया।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को परामर्श के साथ दी गई आवश्यक दवाइयां

**हुसैनगंज (सिवान) :** प्रखंड के पूर्वी हरिहांस पंचायत के हसनपुरवा टोले रामपुर गांव में शनिवार को अमित वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीसाईं मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व मुफ्त दवा वितरण किया गया। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन सरपंच प्रतिनिधि शंभू सिंह, श्रीनिवास सिंह, प्रियंका ओझा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में करीब सौ से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तत्पश्चात मेडिकल टीम को अमित वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। शिविर में नीरज कुमार सिंह, बृजेश यादव, रागिनी कुमारी, भावना कुमारी, सपना कुमारी, ईशा कुमारी, रीमा कुमारी आदि उपस्थित थी।

# डीएसपी बनकर गांव लौटने पर अभिषेक का हुआ भव्य स्वागत

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया प्रखंड के पहाड़पुर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार लोक सेवा आयोग की 69वीं परीक्षा में 21वां रैंक लाकर अभिषेक कुमार के डीएसपी बनने पर उन्हें फूल माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत करते हुए थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभिषेक कुमार ने डीएसपी बनकर गांव ही नहीं,बल्कि जिले का नाम रोशन किया है।अभिषेक बाबू ने बीपीएससी परीक्षा में 21वां रैंक लाकर क्षेत्र के युवाओं का भी उत्साह बढ़ाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, इसका अनुसरण क्षेत्र के युवाओं को करना चाहिए। खुशी व्यक्त करने वालों में सदरपुर निवासी मृगांक कुमार (एसडीएम), सीताराम मांझी, ओमप्रकाश पांडेय, पप्पू कुमार सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, रवींद्र पांडेय, रिजवान अहमद, अवधेश कुमार, गुड्डू सिंह आदि शामिल थे। अभिषेक कुमार अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा के आशीर्वाद व अपने कठिन परिश्रम को देते हैं। ज्ञात हो कि अभिषेक कुमार दो भाई व दो बहन में तीसरे नंबर हैं। इनके पिता मुन्ना कुमार झारखंड में शिक्षक तथा मां उषा देवी गूहणी है। दादा शिवराम मांझी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं।



## जज बनकर गांव पहुंचने पर अवनीश तिवारी का किया गया जोरदार स्वागत



**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी प्रखंड के करपलिया निवासी शिक्षक रवींद्रनाथ तिवारी के दूसरे पुत्र अवनीश कुमार तिवारी के जज बनने के बाद रविवार को पहली बार गांव पहुंचने पर शुभचिंतकों ने भाजपा के गोरेयाकोठी विधानसभा संयोजक प्रमोद कुमार तिवारी के नेतृत्व जगदीशपुर मोड़ पर स्वागत किया। उनके पहुंचते ही लोगों ने बैंड-बाजे के साथ उन्हें माला पहना व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अवनीश तिवारी ने भी अपने आपको गौरवांवित महसूस किया। साथ ही कहा कि युवाओं को मेहनत से कभी भी नहीं घबराना चाहिए। सफल होने के लिए आवश्यक शर्तों में से यह प्रमुख है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई भी वैकल्पिक मार्ग नहीं होता। इसे लगन व मेहनत से उचित शिक्षा ग्रहण कर ही प्राप्त किया जा सकता है। बसंतपुर प्रखंड के बसांव निवासी संजय पांडेय ने अवनीश कुमार तिवारी को शुभकामना देते हुए कहा कि न्याय दिलाने की जो जिम्मेदारी मिली है, उसका सही निर्वहन ही प्रखंड व जिले का मान बढ़ाएगा। अवनीश के स्वजनों के अनुसार पटना हाइकोर्ट की ज्यूडिशियरी के तहत आयोजित परीक्षा में जिला जज के लिए उत्तीर्ण हुए, जिसका रिजल्ट 16 दिसंबर को आया था।

## लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से डा य़तींद्रनाथ के सम्मानित होने पर हर्ष

**सिवान :** राजस्थान के जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर झालन में दी होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया के तत्वावधान में 28 व 29 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय 23वां आल इंडिया होमियोपैथिक साइंटिफिक सेमिनार में जिले के होमियोपैथिक चिकित्सक डा.यतींद्रनाथ सिन्हा को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान भारत सरकार नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष डा.एसपी बक्शी द्वारा उन्हें मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डा.यतींद्रनाथ सिन्हा के सम्मानित होने पर जिले के होमियोपैथिक चिकित्सक, रंगकर्मी, साहित्यकारों में खुशी का माहौल है। यह जानकारी देते हुए रंगकर्मी डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह अवार्ड डा.यतींद्रनाथ सिन्हा को होमियोपैथिक जगत में लंबे काल तक दिए गए विशेष रचनात्मक योगदान के जरिए होमियोपैथिक साइंस का आम अवाम तक पहुंचाए जाने का परिणाम है। डा.सिन्हा के सम्मानित होने पर उस्ताद शायर कमर सिवानी, डा.संगीता कुमारी, प्रो.त्रिपाठी सियारमण, डा.रामानंद पांडेय, डा.राजेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य उमाशंकर प्रसाद, डा.जेपी पांडेय, रामबाबू, आरिफ हसनैन, पारसनाथ श्रीवास्तव, नवीन जी आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## ठेला लगाने के विवाद में दो मोहल्ले के लोगों बीच मारपीट व फायरिंग, सात घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के चकिया मोड़ पर ठेला लगाने को लेकर रविवार की दोपहर हुए विवाद में दो मोहल्लों के लोगों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। बात इतनी बढ़ी कि इस दौरान शाररती तत्वों ने नगर थाना क्षेत्र के नया बाजार पोखरा मोहल्ले में पहुंचकर करीब सात से आठ राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोली लगने से दो लोग घायल हो गए।वहीं मारपीट में पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों व स्वजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नया बाजार पोखरा निवासी अजीमुद्दीन के पुत्र शारिक अली, हजरत अली के पुत्र आसिफ, मोहम्मद महमूद के पुत्र मोसरफराज,शहाबुद्दीन के पुत्र मोनिजाम एवं परवेज, सैफुल्लाह के पुत्र मोहम्मद राज एवं महादेवा थाना क्षेत्र के चकिया निवासी नूर अली के पुत्र अदनान के रुप में हुई है। फायरिंग में शारिक अली व एक अन्य युवक को गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार व महादेवा थानाध्यक्ष कुंदन पांडेय दल-बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। घटना के संबंध में वार्ड संख्या 13 नया बाजार के पार्षद सादिक हुसैन ने बताया कि पोखरा निवासी फैसल चकिया मोड़ पर ठेला लगाता है। रविवार की सुबह चकिया के कुछ युवक उसके पास पहुंचे और मारपीट करते हुए उसका ठेला पलट दिया। इसको लेकर हमलोग महादेवा थाना में आवेदन देने पहुंचे ही थे। तब तक दोपहर में चकिया के कुछ युवक अस्पताल रोड से होते पोखरा मोहल्ले में आकर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। इसमें शारिक अली व एक अन्य युवक गोली लगने से घायल हो गए। पार्षद ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा कई बाइकों को क्षतिगस्त किया गया है।इस मामले में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के तीन मोहनी मोड़ बाइपास के पास करीब दो बजे गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार सिंह एवं नगर थानाध्यक्ष राजू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां जांच करने पर ज्ञात हुआ कि दो पक्ष मो. मोइन, खालिद व मो. सरफराज और परवेज अली के बीच 27 दिसंबर को आपसी विवाद को लेकर बहस हुई थी। इसके बाद रविवार को फिर दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के साथ मारपीट की गई एवं इसी क्रम में दोनों पक्षों द्वारा फायरिंग भी की गई। इसमें एक युवक शारिक अली को हाथ में गोली लगी है। इस संबंध में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। विधि व्यवस्था सामान्य है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## जागरुकता अभियान चलाकर मजदूरों को किया गया जागरूक

**रघुनाथपुर (सिवान) :** प्रखंड के दिघवलिया गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में कांग्रेस इंटक के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार भगत के नेतृत्व में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मजदूरों को उनके अधिकार के लिए जागरूक किया गया। प्रदेश कांग्रेस इंटक के संयुक्त महासचिव अखिलेश कुमार पांडेय ने मजदूरों को 14 प्रकार के लाभ से अवगत कराया। इसमें मातृत्व लाभ, शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, नकद पुरस्कार, विवाह के लिए वित्तीय सहायता, साइकिल क्रय योजना, औजार क्रय योजना, भवन मरम्मत, अनुदान योजना, लाभार्थी को चिकित्सा, वार्षिक चिकित्सा, सहायक पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, दाह संस्कार योजना, मृत्यु लाभ पारिवारिक पेंशन, पितृत्व लाभ, आयुष्मान कार्ड एवं बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र के कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इसका लाभ तभी मिल सकता है, जब मजदूर का निबंधन होगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों को अपना निबंधन करना अतिआवश्यक है। वहीं शताब्दी और प्रवासी लाभ के बारे में 50 हजार हजार से दो लाख तक का लाभ की प्रावधान है। इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गौतम कुमार, मुखिया अजय बैठा, महामंत्री सुजीत कुमार, अनिरुद्ध कुमार, रामजी राम, बेबी देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

